आज

विद्यार्थियों को सिखायें गये सफलता के 'गुर'

लखनऊ,शनिवार। द इंस्टीट्यूट आफ कास्ट एकाउन्टेन्टस आफ इण्डिया के लखनऊ चैप्टर द्वारा आज गोमतीनगर स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में स्टूडेन्ट नेशनल कन्वेशन,लक्ष्य सीएमए मंत्रा का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में छात्र-छात्रायें मौजूद रही। इस अवसर पर इन्सीटीटयूट के प्रेसीडेन्ट सीएमए मानस ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये लक्ष्य का निर्धारण एवं उसे हासिल करने के लिये पूर्ण समर्पण पर जोर दिया। उन्होंने समर्पण के साथ लक्ष्य की प्राप्ति के लिये स्टेटजी व संसाधनों का सर्वोत्तम प्रयोग को आवश्यक बताया,इसके अलावा उन्होंने आर्थिक परिवेश में कास्ट एवं मैनेजमेंट एकाउन्टेंसी के अवसरों के बारे में विस्तार से बताते हुये विद्यार्थियों का मनोबल बढाया। इसके अलावा वाइस प्रेसीडेन्ट संजय गुप्ता ने पूर्व राष्ट्रपति डा.अब्दुल कलाम के जीवन सिद्धान्तों की महानता पर प्रकाश डालते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इण्डिया,स्टार्टअप इण्डिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एनआईआरसी के पूर्व चेयरमैन एस.के भट्ट ने व्यवहारिकता के पहलू पर जोर देते हुये सकारात्मक सोंच व कड़ी मेहनत की शिक्षा दी। इसके अलावा वाइस चेयरमैन सुनील सिह ने ज्ञान के बारे में बताते हुये कहा कि ज्ञान शक्ति नही हो सकता है जब तक इसका व्यवहारिक प्रयोग न किया गया हो।